**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 17.05.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, आज, राष्ट्रीय सहारा, हिन्दुस्तान, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 17.05.2025

### रामनगर में अवैध प्लॉटिंग वीडीए ने कराई ध्वस्त

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से शुक्रवार को रामनगर में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कराई गई। वीरेंद्र सिंह, राजू उपाध्याय की ओर से बरईपुर नाले के पास अदलहाट में लगभग 6 बीघा के क्षेत्रफल में अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। जोनल अधिकारी गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता अशोक कुमार यादव ने कार्रवाई को अंजाम दिया। ब्यूरो

### अवैध निर्माण पर वीडीए ने दो पेट्रोल पंप किए सील

**वाराणसी।** वीडीए ने शुक्रवार को अवैध निर्माण कराने पर दो पेट्रोल पंप सील किए। रामनगर वार्ड के अमित सिंह की ओर से मिर्जापुर हाईवे पर अदलहाट में पेट्रोल पंप का निर्माण किया जा रहा था। सतेंद्र सिंह की ओर से कटरिया, मुगलसराय में पेट्रोल पंप निर्माण किया जा रहा था। जोनल अधिकारी सिंह ने कार्रवाई की। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 17.05.2025

### वीडीए ने छह बीघा में तोड़ी अवैध प्लाटिंग, दो पेट्रोल पंप सील

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण सचिव डा. वीपी मिश्रा के निर्देश पर शुक्रवार को अवैध तरीके से जमीन की प्लाटिंग और निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जोन पांच में अवैध तरीके से जमीन की प्लाटिंग और बिना नक्शा पास कराए पेट्रोल पंप निर्माण करने पर सील कर दिया गया। सील की कार्रवाई के दौरान निर्माण करने वाले विरोध कर रहे थे लेकिन वीडीए की टीम ने पुलिस के सहयोग से दोनों पेट्रोल पंपों को सील कर दिया। वहीं, क्षेत्र में अवैध निर्माण जारी रहने पर जोन के अवर अभियंता, सुपरवाइजर और चतुर्थ श्रेणी कर्मियों से जवाब मांगा गया है।

वीडीए सचिव ने बताया कि रामनगर वार्ड के अदलहाट (मीरजापुर) बरईपुर में वीरेंद्र सिंह और राजू उपाध्याय वीडीए से बिना ले-आउट पास कराए छह बीघा में अवैध प्लाटिंग कर रहे थे। बुलडोजर से अवैध प्लाटिंग की बाउंड्री तोड़ दी गई। रामनगर वार्ड में ही मीरजापुर खुर्द में अमित सिंह और मुगलसराय वार्ड के कटियार में सतेंद्र सिंह वीडीए से नक्शा पास कराए बगैर पेट्रोल पंप का निर्माण कर रहे थे। दोनों पेट्रोल पंपों को सील करने के साथ पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया। टीम में जोन पांच के जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियंता अशोक कुमार यादव आदि थे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 17.05.2025

### वीडीए ने छह बीघा प्लाटिंग पर चलाया बुलडोजर

#### दो अवैध निर्माणाधीन पेट्रोल पम्प को भी किया गया सील

वाराणसी (एसएनबी)। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर शुक्रवार को भी प्रवर्तन टीम ने अवैध निर्माणों के खिलाफ ध्वस्तीकरण व सील की कार्रवाई को जारी रखा। वीडीए जोन-पांच, वार्ड-रामनगर, के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। वार्ड-रामनगर के अंतर्गत वीरेंद्र सिंह, राजू उपाध्याय द्वारा मौजा- बरईपुर नाले के पास मिर्जापुर में लगभग छह बीघा के क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग किये जाने पर नोटिस की कार्यवाही करते हुए अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। इस दौरान मौके पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता अशोक कुमार यादव व प्रवर्तन टीम उपस्थित रही।वहीं दूसरी तरफ जोन-पांच, वार्ड- रामनगर प्रवर्तन टीम की तरफ से अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्रवाई की गयी। प्रवर्तन टीम ने सील किये अवैध निर्माण को संबंधित थाने की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया है। जोन-पांच में अमित सिंह की तरफ से मौजा-मिर्जापुर खुर्द, मिर्जापुर हाइवे पर, वार्ड-रामनगर, थाना-अदलहाट जिला-मिर्जापुर में अवैध रूप से पेट्रोल पम्प निर्माण कार्य किये जाने पर नोटिस की कार्रवाई करते हुये अवैध निर्माण को सील किया गया। इसी प्रकार सतेंद्र सिंह की तरफ से मौज -कटरिया, थाना- मुगलसराय में अनाधिकृत रूप से पेट्रोल पम्प निर्माण कार्य किये जाने नोटिस की कार्यवाही करते हुये अवैध निर्माण को सील किया गया।

## आज–दि0 17.05.2025

### एकीकृत योजना के भवन का होगा निर्माण

विकास प्राधिकरण ने एकीकृत मंडलीय कार्यालय के परिक्रमा को अब मूलरूप देने की तैयारी कर चुका है। एक ही जगह पर विभिन्न कार्यालयों के मिल जाने से नागरिकों को सुविधाएं मिलेंगी। इस समस्या के समाधान के लिए २५६.८४ करोड़ रुपया की लागत से एकीकृत कार्यालय की निर्माण किया जायेगा। यह भवन लगभग दस मंजिला होगा और २.७ हेक्टेयर भूमि पर बनाया जा रहा है यहां पर ६१० चार पहिया और ७५५ के लगभग दो पहिया वाहन खड़े हो सकते हैं इस संबंध में शासन ने अपनी सहमति प्रदान कर दी है। मंडलीय स्तर पर विप्रा अध्यक्ष एवं मंडलायुक्त की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। परियोजना की जिम्मेदारी विकास प्राधिकरण को दी गयी है। भवन की विशेषता में आधुनिकतम स्मार्ट, पर्यावरण को ध्यान में रखकर निर्माण कराया जायेगा। जो कि संवेदनशील डिजाईन के आधार पर होगा। यहां पर लगभग शुन्य जलनिकासी होगा, स्मार्ट विद्युत प्रणाली का प्रयोग होगा। इसका निर्माण योग्य कारीगरों द्वारा किया जायेगा। इसमें एएसी ब्लाक फ्लाई ऐश ईटों का प्रयोग होगा, वातावरण के अनुकूल रहने के लिए टापरोधी टाइलें लगेंगी, वर्षा जल संचय, सौर जल हीटर, सौर ऊर्जा, वातानुकूल प्रणाली भवन प्रबंध सिस्टम एवं ऊपर की तरफ मिट्टी का संरक्षण देकर लैंडस्केपिंग तैयार होंगी। जानकारी के अनुसार एकीकृत मंडल में ६२ विभाग स्थानांतरित किये जायेंगे। जहां पर सभी सुविधाएं नागरिकों को उपलब्ध होंगी। परियोजना में मंडल में प्रशासनिक कार्यों को एकीकृत रूप में संघठित करने के लिए ऐतिहासिक कदम होगा। नागरिकों को एक ही स्थान पर ज्यादातर विभागों से कार्य कराये जा सकते हैं। निर्माण के लिए निविदा निकाली जा रही है जिसके लिए वेबसाइट पर भी लोग ई–टेण्डर के माध्यम से निविदा भर सकते हैं।

आज–दि0 17.05.2025

## नवनिर्माण दो पेट्रोल पंप सीज, अवैध प्लाटिंग पर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर शुक्रवार को अभियंताओं की टीम ने रामनगर क्षेत्र में बिना अनुमति के निर्माण कार्य कर रहे कारीगरों को भगा दिया और भवन को सील कर दिया। भवन स्वामी अमित सिंह मौजा–मीरजापुर खुर्द ने बिना विभाग से सहमति के पेट्रोल पंप का निर्माण करा रहे थे। इसी प्रकार मौजा–कटरिया वार्ड–रामनगर में सतेन्द्र सिंह ने भी बिना स्वीकृति के पेट्रोल पंप का निर्माण कर रहे थे। मौके पर पहुंचे जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता अशोक यादव ने मानचित्र स्वीकृति न होने के स्वीकृति में क्षेत्रीय पुलिस और प्रवर्तन दल के सहयोग से दोनों निर्माणाधीन पेट्रोल पंप को सील कर दिया और निर्माणकर्ताओं को चेतावनी भी दी। इसी प्रकार रामनगर वार्ड में ही मौजा–बरहीपुर के पास भूमी स्वामी विरेंद्र सिंह एवं राजू उपाध्याय बिना ले आऊट प्लान स्वीकृति के छह बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग कर रहे थे शिकायत के आधार पर जोनल अधिकारी मौके पर पहुंचे और क्षेत्रीय पुलिस, प्रवर्तन टीम के सहयोग से जेसीबी के माध्यम से प्लाटिंग पर हुये निर्माण को पुरी तरह ध्वस्त कर दिया।

हिन्दुस्तान–दि0 17.05.2025

## वीडीए ने दो पेट्रोल पंप सील किए

**वाराणसी।** वीडीए प्रशासन ने शुक्रवार को अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान में दो पेट्रोल पंप सील किए गए। मिर्जापुर हाइवे रोड पर अदलहाट क्षेत्र में और मुगलसराय में यह कार्रवाई की गई। इस दौरान जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, जेई अशोक यादव रहे।

## हिन्दुस्तान–दि0 17.05.2025

### गंजारी में 5000 क्षमता की मल्टीलेवल पार्किंग

वाराणसी। रिंग-रोड किनारे गंजारी में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास करीब पांच हजार वाहनों के लिए मल्टीलेवल पार्किंग बनने जा रही है। इस संबंध में वाराणसी विकास प्राधिकरण प्रस्ताव तैयार करा रहा है। अगले हफ्ते होने वाली वीडीए बोर्ड की बैठक में इसे रखा जाएगा। वहीं, स्टेडियम के समीप 150 एकड़ में 'स्पोर्ट्स सिटी' के प्रस्ताव को भी बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर वीडीए मल्टीलेवल पार्किंग की कार्ययोजना पर काम चल रहा है।

## न्यायाधीश–दि0 17.05.2025

### वाविप्रा ने की अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही



वाराणसी ।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-5 , वार्ड- रामनगर के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी और सम्बन्धित थाने की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया।मौके पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश,अवर अभियंता अशोक यादव कुमार प्रवर्तन टीम उपस्थित रही ।सील बंद कराये गये निर्माणी का विवरण निमन्वत हैः। जोन-5 में श्री अमित सिंह द्वारा मौजा-मिर्जापुर खुर्द, मिर्जापुर हाइवे पर, वार्ड-रामनगर, थाना-अदलहाट जिला-मिर्जापुर में अनाधिकृत रूप से पेट्रोल पम्प निर्माण कार्य किये जाने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत के अन्तर्गत नो0-वी0डी0ए0/ ए0एन0आई0/0004095 नोटिस की कार्यवाही करते हुये अवैध निर्माण को सील किया गया।. जोन-5 में श्री सतेन्द्र सिंह द्वारा मौज - कटरिया, थाना- मुगलसराय, वार्ड- रामनगर, जिला-चंदौली, में अनाधिकृत रूप से पेट्रोल पम्प निर्माण कार्य किये जाने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत के अन्तर्गत नो0-वी0डी0ए0/ए0एन0 आई0/0004098 नोटिस की कार्यवाही करते हुये अवैध निर्माण को सील किया गया।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी